Cancer doe to Tobacco and Diet in India

1420. MISS SAROJ KHAPARDE : Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that in India 60 per cent cancer cases are related to tobacco nnd diet;

(b) if so, what are the details thereof; and

(c) what remedial steps have been taken/proposed to be taken by Government in the matter ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AlND FAMILY WELFARE (SHRIMATI D. K. TH AR A DEVI SIDDHARTHA) : (a) and (b) The data from the National Cancer Registry Programme of the Indian Council of Medi-cal Research indicate that about one-third of the cancer cases are tobacco related. Though there is no dependable information in the Indian context of diet related cancer, the percentage of the same is believed to be significant.

(c) Under the National Cancer Control Programme, various health education measures are undertaken to educate the people to create, awareness amongst them about the likely causes of cancer. The ill effects of tobacco chewing and smoking are suitably highlighted.

जहरीली कच्ची शराब और दूषित भोजन के सेवन से हुई मौतें

1421. **श्री राम नरेश यादव** : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जहरीली कच्ची शराब और दूषित भोजन के सेवन से चालू वर्ष के दौरान मारे गये व्यक्तियों की संख्या का राज्य वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने जहरीली शराब के सेवन को रोकने के लिए कोई कदम उठाए हैं; और

(ग) क्या ऐसी मौतों को रोकने के लिए कोई स्वयंसेवी संगठन बनाए जाने की संभावना है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी० के० तारा देवी सिद्धार्थ) : (क) इस मंत्रालय के पास ऐसी सूचना नहीं है ;

(ख) राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के साथ (स्वास्थ्य) प्राधिकारियों को खाद्य पदार्थों जिनमें अल्कोहल-युक्त पेय भी शामिल है, की गुणवत्ता पर कड़ी निगरानी रखने की सलाह दी गई है ;

(ग) ऐसा कोई प्रस्ताव इस मंत्रालय के विचाराधीन नहीं है ।

उत्तर प्रदेश में विश्व बैंक से सहायताप्राप्त परिवार कल्याण कार्यक्रम

1422. **श्री राम नरेश यादव** : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में परिवार कल्याण कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए चालू वर्ष के दौरान राज्य में विश्व बैंक की सहायता से कितनी परियोजनाएं शुरू की गई हैं/करने का विचार है और कितनी सहायता राशि प्राप्त हुई है;

(ख) इस संबंध में कु कितनी धनराशि व्यय की गई है/करने का विचार है; और

(ग) अन्य राज्यों में ऐसे कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए कितनी धनराशि आबंटित की गई है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी०के० तारा देवी सिद्ध थी): क) और (ख) : विश्व बैंक की सहायता से उत्तर प्रदेश में दिनांक 6-4-1990 से 5 वर्षों के लिए भारत जनसंख्या परियोजना (आई पी पी—6) शुरू की गई है जिसकी कुल लागत 110.54 करोड़

रुपये है । उत्तर प्रदेश सरकार ने इस परियोजना पर अक्तूबर, 1992 तक 20.11 करोड़ रुपये के खर्च की सूचना दी है। चालू वर्ष के दौरान विश्व बैंक और यूनीसेफ की सहायता से देश भर में "शिशु जीवन रक्षा और सुरक्षित मातृत्व" (सी एस एस एम) नामक एक अन्य परियोजना चरणबद्ध ढंग से कार्यान्वियन के लिए शुरू की गई है । इस परियोजना के तहत उत्तर प्रदेश के लिए 370.23 लाख रुपये की राशि निश्चित की गई है । चालू वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश के 5 जिलों नामत: वाराणसी, गाजीपुर, मिर्जापुर, लखनऊ और बाराबंकी सहित 51 जिलों को चुना गया है ।

(ग) विश्व बैंक की सहायता से अन्य राज्यों में कार्यान्वित की जा रही विभिन्न जनसंख्या परियोजनाओं की परियोजना लागत इस प्रकार है:--

परियोजना का नाम	राज्य	परियोजना लागत (करोड़ रुपए में)
आई०पी०पी० --4	पश्चिम बंगाल	107.47
आई०पी०पी० --5	महाराष्ट्र (मुंबई शहर)	48.30
	तमिलनाडु (मद्रास शहर)	69.10
आई०पी०पी० --6	मध्य प्रदेश	42.57
	आंध्र प्रदेश	44.91
आई०पी०पी० --7	बिहार	88.18
	गुजरात	43.90
	पंजाब	48.66
	हरियाणा	42.42
	जम्मू व कश्मीर	51.54

"शिशु जीवन रक्षा और सुरक्षित मातृत्व" परियोजना के तहत, उत्तर प्रदेश के सिवाय अन्य राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए 2284.22 लाख रुपए आबंटित किए गए हैं ।

गुजरात में विदेशी सहायता से चल रहे परिवार कल्याण कार्यक्रम

1423. **श्री राम सिंह राठवा :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात में परिवार कल्याण कार्यक्रम के अधीन विदेशी सहायता से कार्यान्वित किए जा रहे कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इस कार्य में कार्यक्रमानुसार प्रगति हो रही है; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं और सरकार का इस संबंध में क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी० के० तारादेवी सिद्धार्थ) : (क) गुजरात राज्य में विदेशी सहायता से परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत लागू किए जा रहे कार्यक्रमों के ब्यौरे विवरण में दिए गए हैं। **(नीचे देखिए)**

(ख) इन सभी स्कीमों के अन्तर्गत कार्य नियोजित ढंग से चल रहा है

(ग) यह प्रश्न नहीं उठता ।

विवरण

I. क्षेत्र परियोजना

विश्व बैंक की सहायता से भारत जनसंख्या परियोजना (आई पी पी VII)